3 OCT 3 2026.qxd 02-10-2026 22:52 Page 1

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्रीको किया भावपूर्ण नमन

उच्च न्यायालय, सरकारी कार्यालयों, विभिन्न संघटनोंने आयोजित किये कार्यक्रम

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के मौके पर नगर में विविध कार्यक्रम हुए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय, सरकारी कार्यालयों, कांग्रेस सहित विभिन्न संघटनों द्वारा बापू और लाल बहादुर शास्त्री को भावपूर्ण नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। समारोह में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौमित्र दयाल सिंह और न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मार्बल हाल में महात्मा गांधी की प्रतिमा और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसी क्रम में कायस्थ पाठशाला के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह के नेतृत्व में कायस्थ जनों ने मेडिकल चौराहे पर पहुंचकर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एस डी कौटिल्य, नवीन सिन्हा, अनिल कुमार श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बालसन चौराहा पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और मेडिकल चौराहा पर लाल बहादुर शास्त्री का भावपूर्ण नमन किया। चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह, शेखर बहुगुणा, हरिकेश त्रिपाठी, सुधाकर तिवारी, मुकुंद तिवारी, अशफाक अहमद, विजय मिश्रा, परवेज अंसारी, रजनीश रिशु, प्रतिमा त्रिपाठी, नसरीन बानो, शरद उपाध्याय आदि मौजूद रहे। कांग्रेस विधि विभाग के लोगोंने राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर मल्यार्पण करके उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि समारोह एवं गोष्ठी में विधि विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रयागराज मण्डल के प्रभारी हरिश्चन्द्र दूबे, अविनाश वर्मा, जयप्रकाश सिंह, अकीक अहमद, अखिलेश कुमार द्विवेदी, आशीष कुमार चौधरी, प्रदीप नारायण द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। लोक निर्माण विभाग, कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्य, अहिंसा के आदर्शों पर चलने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता सुधीर कुमार ने महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रवि शंकर मिश्र, सहायक अभियंता एस एन शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार यादव, लकी मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, पंकज कुमार, योगेंद्र पाण्डेय मौजूद रहे। इलाहाबाद संग्रहालय में डा. लोकेश एम. आयुक्त एवं निदेशक इलाहाबाद संग्रहालय के नेतृत्व में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संग्रहालय परिसर में पौधारोपण एवं सफाई हेतु श्रमदान किया गया। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुक्रवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। परिसर में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान और पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम सलाहकार कल्पना सहाय, कृष्णमोहन द्विवेदी, मधुकांक मिश्रा, कमलेश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे। भाजपा प्रयागराज महानगर के कार्यकर्ताओं बालसन चौराहे पर स्थित महात्मा गांधी एवं मेडिकल चौराहा स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई कर माल्यार्पण किया। आनंद सोनकर, पार्षद आशीष द्विवेदी, अनुज कुशवाहा, अजय आनंद, गणेश वर्मा, अतुल मेहरोत्रा, अमित गोस्वामी, यशस्वी शुक्ला, अंशुला गोस्वामी आदि उपस्थित रहे। यात्री सेवा अभियान-२०२६ और गांधी जयंती के अवसर पर प्रयागराज एयरपोर्ट पर कार्यवाहक विमानपत्तन निदेशक सुविज्ञ चंद्र के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विमानपत्तन निदेशक ने सभी को स्वच्छता बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्ट्रेटमें डीएम ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनको नमन किया।

डीएम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधीके बारे में हम सभी बचपन से ही जानते हैं। महात्मा गांधी ने सामाजिक एवं व्यक्तिगत जीवन में जो सिद्धांत बनाये तथा जिसका अनुसरण करते हुए भारत वर्ष को गौरवशाली राष्ट्र बनाने के लिए प्रयास किया, उसे हमें अपने जीवन में अनुसरण एवं आत्मसात करना चाहिए। डीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री ने अपने जीवन में सादा जीवन उच्च विचार के सिद्धांतों का पालन किया। हम सभी को उनके व्यक्तित्व से सीख लेनी चाहिए तथा ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगो की मदद करनी चाहिए। समर्पण भाव से हम सब बड़े से बड़े लक्ष्य को निरंतर मेहनत से प्राप्त कर सकते हैं।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्रीके प्रतिमाके समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग।

विशेष ट्रेनकी संरचनामें संशोधन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु ट्रेन संख्या ०४१७९ और ०४१८० प्रयागराज- साबरमती-प्रयागराज विशेष ट्रेन के गाड़ी संरचना में संशोधन किया गया है। गाड़ी संख्या ०४१७९ प्रयागराज-साबरमती विशेष ट्रेन तीन अक्तूबर से संशोधित गाड़ी संरचना से संचालित होगी जबकि गाड़ी संख्या ०४१८० साबरमती - प्रयागराज विशेष ट्रेन चार अक्तूबर से संशोधित गाड़ी संरचना से संचालित होगी। गाड़ी में एसएलआर-डी, छह सामान्य श्रेणी, ११ स्लीपर तथा एक एसी तृतीय श्रेणी सहित कुल २० डिब्बे लगेंगे।

अतीकके करीबियोंपर फर्जीवाड़ा कर जमीन बेचनेका आरोप, मुकदमा

तीन अलग-अलग शिकायतोंमें पांच नामजद, रुपये हड़पने एवं धमकी देनेका भी आरोप

रसूलपुर मरियाडीह में फर्जी खतौनी बनवाकर जमीन का बैनामा करने, रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप माफिया अतीक अहमद के करीबियों पर है। पुलिस आयुक्त के आदेश पर तीन अलग-अलग शिकायतों में पांच लोगों के खिलाफ पूरामुफ्ती थाने में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

तहसील सदर के मौजा रसूलपुर मरियाडीह स्थित एक जमीन को लेकर अलग-अलग लोगों ने बैनामा कराने और खतौनी में नाम दर्ज नहीं होने की शिकायत की है। मीरापुर नेहरू नगर निवासी विवेक सिन्हा ने आरोप लगाया कि उन्होंने २० सितंबर २०२३ को जमीन का बैनामा कराया था, लेकिन बार-बार कहने के बावजूद खतौनी में नाम दर्ज नहीं हुआ। पांच फरवरी २०२६ को खतौनी निकलवाने पर फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। इसी जमीन को लेकर प्रीतम नगर निवासी ऋतु कपूर ने भी शिकायत की है। उनका आरोप है कि अबू तैयबा और अब्दुल माजिद ने २० सितंबर २०२३ को उनके पक्ष में बैनामा कराया और बाद में खतौनी में नाम दर्ज कराने के नाम पर टालमटोल की। महिला ने २०.०९ लाख रुपये लेने और वापस मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। कीडगंज निवासी उमा देवी ने भी इसी जमीन के संबंध में १० मई २०२४ को बैनामा कराने और आरोपितों के पास जमीन बेचने का अधिकार नहीं होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों मामले में पांच आरोपियों अबू तैयबा, अब्दुल माजिद, अबू लैश, अहमद शाद और शैहबाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ितों के मुताबिक का एक संगठित गिरोह है। आरोपियों अबू तैयबा और अबू लैश के खिलाफ ठेकेदार अंकित कक्कड़ ने अगस्त महीने में पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने का मुकदमा धूमनगंज थाने में दर्ज कराया था। आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड भी है। पूरामुफ्ती पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

भाकियू की किसान क्रांति महापंचायत २६ को

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) आगामी २६ अक्टूबर को मुंडेरा मंडी में 'किसान क्रांति महापंचायत' का आयोजन करने जा रही है। इस महापंचायत के लिए जनसमर्थन जुटाने के उद्देश्य से शुक्रवार को ट्रिपलआईटी चौराहा स्थित संघटन कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने संघटन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को महापंचायत की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने और काम को गति देने का निर्देश दिया।

फर्जी हस्ताक्षरसे वकालतनामा दाखिल करनेका आरोप

न्यायालयमें अपने नाम से कथित फर्जी हस्ताक्षर कर नो ऑब्जेक्शन/कंसर्न तैयार करने और उसके आधार पर वकालतनामा दाखिल करने के आरोप में अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप महेंद्र कुमार वर्मा उर्फ महेंद्र सिंहानिया के खिलाफ लगाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।त्अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव ने एफआईआर दर्ज करायी है कि न्यायालय में महेंद्र कुमार वर्मा बनाम स्टेट ऑफ यूपी व अन्य में पहले से पैरवी कर रहे थे। उनका वकालतनामा भी न्यायालय में दाखिल था। आरोप है कि २३ अगस्त २०२६ को उन्हें जानकारी हुई कि इसी मुकदमे में एक नया वकालतनामा दाखिल किया गया है। इसके साथ उनके नाम से कथित नो ऑब्जेक्शन/कंसर्न भी लगा था। अधिवक्ता का कहना है कि नो ऑब्जेक्शन पर किया गया हस्ताक्षर उनका नहीं है। उन्होंने न तो इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए और न ही किसी अन्य व्यक्ति को अपने नाम से नो ऑब्जेक्शन जारी करने की अनुमति दी। आरोप है कि उनके वास्तविक हस्ताक्षर की नकल कर कूटरचित दस्तावेज तैयार किया गया और उसे हाईकोर्ट में वास्तविक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया गया। अधिवक्ता ने पुलिस से कथित फर्जी वकालतनामा और नो ऑब्जेक्शन की मूल प्रति सुरक्षित कराने तथा विवादित हस्ताक्षर की उनके वास्तविक हस्ताक्षरों से हैंडराइटिंग व फोरेंसिक विशेषज्ञ से जांच कराने की मांग की है। कैंट पुलिस मामले की जांच कर रही है।

माफिया अतीकके साढ़ इमरान सहित चारपर लगा गैंगेस्टर

मां एवं दो भाई भी शामिल, सरकारी-कुर्क जमीनपर कब्जा एवं फर्जी बैनामाका आरोप, करेली पुलिसने कसा शिकंजा

माफिया अतीक अहमद के साढ़ू मोहम्मद इमरान समेत उसके पूरे परिवार के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत काररवाई की गई है। करेली थाने में दर्ज एफआईआर में इमरान को गिरोह का सरगना और उसके भाई जीशान उर्फ जानू, मोहम्मद कामरान व मां जाहिदा बेगम को गिरोह का सदस्य बताया गया है। मामले की विवेचना एसीपी अतरसुइया को सौंपी गई है।

करेली थाना प्रभारी सच्चिदानंद की ओर से दर्ज एफआईआर के मुताबिक, गिरोह के सदस्य कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सरकारी और कुर्क जमीन पर अवैध कब्जा करते हैं। इसके बाद जालसाजी कर आम लोगों को फर्जी बैनामा करके रुपये ऐंठते हैं। विरोध करने पर धमकी, गालीगलौज, मारपीट, जान से मारने का प्रयास और लूट करने के भी आरोप लगाए गए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह के खिलाफ करेली थाने में वर्ष २०२५ और २०२६ में सात मुकदमे दर्ज हुए हैं। इनमें धोखाधड़ी, कूटरचना, जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल समेत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई हुई है। इन्हीं मुकदमों और आपराधिक गतिविधियों के आधार पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एसीपी अतरसुइया पुराने मुकदमों के साथ ही जमीन से जुड़े दस्तावेजों और एफआईआर में लगाए गए आरोपों की जांच करेंगे। पुलिस गिरोह की आपराधिक गतिविधियों और जमीन के मामलों में उसकी भूमिका की भी पड़ताल करेगी। मोहम्मद इमरान कसारी-मसारी इलाके का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक उसका परिवार अतीक अहमद का सगा रिश्तेदार है। हालांकि अतीक-अशरफ हत्याकांड से पहले ही इमरान के भाई जीशान उर्फ जानू और अतीक परिवार के बीच विवाद गहरा गया था। जानू की ओर से अतीक परिवार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई गई थीं। इन मामलों की सुनवाई अदालत में चल रही है। गैंग लीडर और उसके सदस्यों के खिलाफ कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। धमकी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, बलवा करना, अपहरण, जान से मारने का प्रयास, लूट करने जैसा अपराध करने का आरोप है।

राष्ट्रपिताके जीवनसे धैर्य, सहनशीलता एवं संयमकी प्रेरणा लें-मंडलायुक्त

लाल बहादुर शास्त्रीकी सादगी, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठाको किया नमन

गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को मंडलायुक्त कार्यालय में दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस मौके पर मंडलायुक्त डा. लोकेश एम. ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन से धैर्य, सहनशीलता और संयम की प्रेरणा लेते हुए विपरीत परिस्थितियों में शांत रहकर विवेकपूर्ण निर्णय लेने का संदेश दिया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ा एक प्रसंग साझा करते हुए बताया कि लंदन की यात्रा के दौरान जहाज पर अंग्रेजों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और प्रताड़ना के बावजूद गांधी ने अपना संयम नहीं खोया। उन्होंने किसी भी उकसावे का अनुचित ढंग से प्रतिकार करने के बजाय धैर्य और सहनशीलता का परिचय दिया। मंडलायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपिता का जीवन हमें यह सीख देता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत क्यों न हों, हमें अपनी प्रतिक्रियाओं पर नियंत्रण रखते हुए शांत, संयमित और विवेकपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण को भी स्मरण किया गया। उनके जीवन को सार्वजनिक सेवा में निष्ठा, अनुशासन और सादगी की प्रेरणादायी मिसाल बताते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि शास्त्री ने अपने आचरण से यह संदेश दिया कि राष्ट्रसेवा में पद से अधिक महत्वपूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दोनों महापुरुषों की जीवनशैली और आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए उन्हें अपने आचरण एवं जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

महानिर्वाणी अखाड़ेमें मनी भगवान कपिल महामुनिकी जयंती

रुद्राभिषेक, यज्ञ-हवन, गो-पूजन सहित हुए विभिन्न अनुष्ठान, गूंजे जयकारे

दारागंज स्थित श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को भगवान कपिल महामुनि की जयंती षष्ठी महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनयी गयी। इस मौके पर विभिन्न अखाड़ों से पहुंचे संत-महंतों ने भगवान कपिल मुनि का पूजन-अर्चन कर पुष्पांजलि अर्पित की।

महोत्सव की शुरुआत अखाड़े के आराध्य भगवान कपिल मुनि के विग्रह के अभिषेक से हुई। इसके बाद माला और पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। हवन के बाद मंदिर के समक्ष संत-महंतों ने भगवान कपिल मुनि को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद गो-पूजन और फिर देवताओं को भोग लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया। अखाड़े के श्री महंत यमुनापुरी महाराज ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में जितनी भी श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी की शाखाएं-कार्यालय हैं, वहां सभी जगह भगवान कपिल महामुनि की जयंती षष्ठी महोत्सव के रूप में विधि-विधान से मनायी गयी। दारागंज स्थित अखाड़े में कार्यक्रम के दौरान श्री बाघम्बरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि, श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े से जगतारमुनि महाराज, बड़ा उदासीन अखाड़े से हंसमुनि महाराज, रघुराजवीर महाराज, मन्सुख महाराज, गोपालजी महाराज आदि संत-महात्मा मौजूद रहे।

वहीं विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, महापौर, पीडीए उपाध्यक्ष ऋषिराज, उपमेलाधिकारी विवेक शुक्ला, नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजय ममगई सहित आदि लोग भी जयंती समारोह में पहुंचे। भंडारा शाम करीब पांच बजे तक चला, जिसमें बटुक ब्रह्मचारी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसार ग्रहण किया।



युवकसे मारपीटके आरोप मामलेमें जांचके आदेश

खुल्दाबाद के क्षेत्र में बाइक की नंबर प्लेट को लेकर हुए विवाद में अटाला चौकी प्रभारी दीपक नागर पर युवक से मारपीट के आरोप की जांच के आदेश दिए गए हैं। युवक का मेडिकल कराया गया है।अटाला निवासी फैजान की बाइक पर नंबर प्लेट नहीं होने पर चौकी प्रभारी ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया था। युवक ने आरोप लगाया कि चौकी में उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद परिजन और समर्थक खुल्दाबाद थाने पहुंच गए और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर चक्काजाम भी किया था। एसीपी कोतवाली निकिता श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में जांच चल रही है, चौकी प्रभारी को छुट्टी पर भेज दिया गया है, जांच पूरी होने के बाद कुछ कहा जा सकता है।

२४ विकासखंडोंके उत्कृष्ट शिक्षक सम्मानित

डायटमें शिक्षक समारोह सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमोंका आयोजन

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शुक्रवार को गांधी जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती तथा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें २४ विकासखंडों से आये उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. भारती त्रिपाठी एवं श्री कैलाश शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके उपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि बीएसए अनिल कुमार एवं संस्थान के प्राचार्य डा.संतोष कुमार राय के आगमन पर प्रशिक्षुओं ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न एवं शॉल भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वागत गीत, नृत्य प्रस्तुतियों एवं अन्य आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने सभी का मन मोह लिया। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और आदर्शों पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को उनके मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में डा. भारती त्रिपाठी, कैलाश शुक्ला, डा. अंबालिका मिश्रा, श्रीमती ऋचा राय, श्रीमती वर्तिका कुशवाहा, श्रीमती निधि मिश्रा, श्रीमती सुरभि सिंह, श्रीमती शबनम, डा.अमित सिंह, डा.राजेश कुमार पांडेय, वीरभद्र प्रताप, डा. अब्दुल मोहयी, कुलभूषण मौर्य, शशांक सिंह, पंकज कुमार यादव, विपिन सिंह एवं अखिलेश सिंह सहित संस्थान के सभी प्रवक्ता, कर्मचारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. राजेश कुमार पांडेय ने किया।



जीवनको दिशा और उद्देश्य देने वाला मार्गदर्शक है गुरु- प्रोफेसर त्रिपाठी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरु-शिष्य सम्मान पर्व के भव्य आयोजन में राष्ट्र ने गुरु-शिष्य परंपरा को भारतीय संस्कृति के आधारशिला को शिक्षा के साथ संस्कारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।



निर्माण में योगदान देने वाले विधानसभा शहर पश्चिमी के लगभग १०० कालेज के गुरुजनों, मेधावी छात्रों तथा संस्कार एवं पीढ़ी के निर्माण में शिक्षकों एवं छात्रों को दिशा देने वाले प्रबंधकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं स्वागताध्यक्ष भाजपा नेता डाक्टर सुशील सिन्हा ने कहा कि 'गुरु-शिष्य सम्मान पर्व' का उद्देश्य केवल सम्मान करना नहीं, बल्कि समाज में गुरुजनों के प्रति सम्मान और विद्यार्थियों के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करना है। मुख्य अतिथि बीएचयू वाराणसी के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चंद त्रिपाठी ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि शिष्य के जीवन को दिशा और उद्देश्य देने वाला मार्गदर्शक होता है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि विद्यार्थी महापुरुषों के आदर्शों और अपने

शहर पश्चिमीके गुरुजनों, मेधावी छात्रों और प्रबन्धकोंको किया गया सम्मानित

गुरुजनों के संस्कारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज, प्रयागराज के पूर्व प्राचार्य डाक्टर एस पी सिंह ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी युवा पीढ़ी और उसकी शिक्षा व्यवस्था में निहित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ अनुशासन, नैतिकता और मानवीय मूल्यों को भी अपने जीवन का हिस्सा बनायें। गुरु और शिष्य के बीच विश्वास, सम्मान और संस्कार का संबंध मजबूत होगा तो समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य एवं विद्या भारती विजय उपाध्याय ने कहा कि गुरु पीढ़ियों का निर्माण करता है और उसके संस्कार समाज की दिशा तय करते हैं। अंत में दिनेश तिवारी ने कहा गुरु का सम्मान हमारी संस्कृति है, ज्ञान का सम्मान हमारी पहचान है और राष्ट्रसेवा हमारा संकल्प होना चाहिए। संचालन अविचल द्विवेदी ने किया। इस मौके पर डाक्टर प्रभु शंकर शुक्ला, अखिलेश श्रीवास्तव, पवन मिश्रा, विजया श्रीवास्तव, रामलोचन साहू, दीना नाथ कुशवाहा,निर्जला पटेल,शोभिता श्रीवास्तव, राविन साहू, श्रीराम द्विवेदी, शिक्षा रस्तोगी,पार्षद भगवान दास आदि उपस्थित रहें।

पेयजल गुणवत्ताके लिए रेलवेने ३,७३५ जल नमूनोंकी करायी जांच

यात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल द्वारा संचालित जल गुणवत्ता निगरानी अभियान के अंतर्गत एक माह में कुल ३,७३५ जल नमूनों की जांच की गयी। इनमें ३,४४७ अवशिष्ट क्लोरीन, २८० बैक्टीरियोलाजिकल तथा आठ केमिकल एनालिसिस के नमूने शामिल हैं। मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित पेयजल नलों, वाटर कूलरों, जल भण्डारण टंकियों एवं अन्य पेयजल स्रोतों की नियमित जांच एवं निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही जल भण्डारण टंकियों की निर्धारित समय पर सफाई, पेयजल स्थलों के आसपास स्वच्छता तथा जलापूर्ति व्यवस्था के समुचित रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित जांच एवं सतत निगरानी की प्रभावी व्यवस्था की गयी है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

राजस्व अभिलेखसे नाम कटा, फिर भी जमीनपर कब्जा

माफिया अतीक गिरोहके लोगोंके शामिल होनेका आरोप

कैंट के राजापुर देहमाफी में राजस्व अभिलेख से नाम निरस्त होने के बावजूद जमीन पर कब्जा कर निर्माण कराने के आरोप में कैंट पुलिस ने राशिद, रविचन्द्र समेत ५० से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

राजपुर निवासी गुड्डी देवी की तहरीर में कब्जा करने पहुंचे लोगों में अतीक-अशरफ गैंग के लोग शामिल होने का भी आरोप लगाया गया है।

गुड्डी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि राजापुर देहमाफी में उनका भूमिधरी हक और हिस्सा है। आरोप है कि परिवार की शकुन्तला देवी और उसके पुत्र नवीन ने उनके हिस्से की जमीन रविचन्द्र को बेच दी थी। इसकी जानकारी होने पर उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत की था। रविचन्द्र का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज होने पर उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर के यहां अपील की। इसके बाद नायब तहसीलदार के न्यायालय में सुनवाई हुई और रविचन्द्र का नाम राजस्व अभिलेख से निरस्त कर दिया गया। आरोप है कि इसके बावजूद गुड्डी देवी अपनी जमीन पर निर्माण कराने पहुंचीं तो रविचन्द्र और बेली निवासी राशिद ने वहां निर्माण शुरू करा दिया। महिला ने २२ सितंबर को कैंट थाने में शिकायत की, लेकिन निर्माण जारी रहने का आरोप लगाया है। २८ सितंबर को राशिद और रविचन्द्र ५० से अधिक लोगों के साथ जमीन पर पहुंचे। महिला ने आरोप लगाया कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। तहरीर में इन लोगों में अतीक-अशरफ गैंग के लोग होने का आरोप भी लगाया गया है। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

यूपीएसआरटीसी बसोंमें रिफण्डके हेल्प लाइन नम्बर जारी

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने बसों में यात्रा के दौरान आनलाइन टिकट भुगतान को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया है। डिजिटल पेमेंट के बढ़ते चलन के बीच नेटवर्क या तकनीकी समस्याओं के चलते होने वाले विवादों को सुलझाने के उद्देश्य से प्रबंध निदेशक यूपीएसआरटीसी ने यात्रियों और परिचालकों के लिए स्पष्ट नियम तय किए हैं। परिवहन निगम के अधिकारियों के अनुसार, यदि किसी तकनीकी खराबी या कमजोर नेटवर्क के कारण यात्री के बैंक खाते से टिकट की राशि कट जाती है लेकिन ईटीएम (टिकट मशीन) से टिकट नहीं निकलता, तो यात्री को परिचालक को आनलाइन या नकद माध्यम से पुनः भुगतान करना अनिवार्य होगा। निगम ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध टिकट के यात्रा करना दंडनीय अपराध है। यात्रियों की कटी हुई राशि को सुरक्षित वापस दिलाने के लिए निगम ने एक व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यह हेल्पलाइन नंबर ९४१५०४९६०६ होगा। खाते से कटी हुई राशि का स्क्रीनशाट इस व्हाट्सएप नंबर पर भेजना होगा। भेजी गई जानकारी के सत्यापन के बाद कटी हुई राशि १ से २४ घंटे के भीतर स्वतः यात्री के खाते में वापस आ जाएगी। यात्रियों से अपील की गई है कि ऐसी तकनीकी दिक्कतों के दौरान संयम बनाए रखें और बस में परिचालक या चालक के साथ किसी भी प्रकार का विवाद न करें। साथ ही यात्रियों को अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करने की भी सलाह दी गई है।